G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023

आजादी का अमृत महोत्सव

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2022

Atrazine 750 g/ha *fb* metsulfuron 4 g/ha at 25 DAP

भाकृअनुप-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर (म.प्र.)
ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur (M.P.)

INTERNATIONAL YEAR OF
MILLETS
2023

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2022

भाकृअनुप – खरपतवार अनुसंधान निदेशालय
ICAR - Directorate of Weed Research
जबलपुर (मध्य प्रदेश)
Jabalpur (Madhya Pradesh)
ISO 9001 : 2015 Certified

उद्धरण
वार्षिक प्रतिवेदन (द्विभाषी). 2022. भाकृअनुप-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर, 178 पृष्ठ.

Correct Citation
Annual Report (Bilingual). 2022. ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur , 178 p.

प्रकाशक
डॉ. जे.एस. मिश्र, निदेशक

Published by
Dr. J.S. Mishra, Director

संपादकीय समिति
डॉ. पिजुश कान्ती मुखर्जी
डॉ. पी.के. सिंह
डॉ. के.के. बर्मन
डॉ. आर.पी. दुबे
डॉ. शोभा सौंधिया
श्री संदीप धगट

Editorial Committee
Dr. Pijush Kanti Mukherjee
Dr. P.K. Singh
Dr. K.K. Barman
Dr. R.P. Dubey
Dr. Shobha Sondhia
Mr. Sandeep Dhagat

आवरण पृष्ठ रचना
श्री संदीप धगट

Cover page design
Mr. Sandeep Dhagat

आवरण विषय
पोषक अनाजों (श्री अन्न) में समन्वित खरपतवार प्रबंधन

Cover theme
Integrated Weed Management in Millets

प्राक्कथन
PREFACE

संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा वर्ष 2023 को **"अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष"** घोषित किया गया है। विश्व के कुल पोषक अनाज (श्री अन्न) उत्पादन में 15 प्रतिशत की भागीदारी के साथ भारत अग्रणी देश है। हमारे देश में अनेक प्रकार के पोषक अनाजों की खेती की जाती है। लेकिन इन फसलों की औसत पैदावार काफी कम है क्योकि खरीफ मौसम की फसल होने के कारण इनमें खरपतवारों की काफी समस्या होती है जिससे इनके उत्पादन में 15–83% तक की कमी हो जाती है। मिलेट्स फसलों के साथ समानता एवं शाकनाशी रसायनों की कम प्रभावशीलता के कारण इन फसलों में घास कुल के खरपतवारों का प्रबंधन एक गंभीर समस्या है। भा.कृ.अनु.प. खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर, अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन अनुसंधान परियोजना केन्द्रो के साथ मिलकर पोषक अनाज वाली फसलों में एकीकृत खरपतवार प्रबंधन तकनीकों के विकास पर अनुसंधान कर रहा है। जिससे इन फसलों में खरपतवारों द्वारा होने वाली हानि को कम करके इनकी पैदावार में बढ़ोत्तरी की जा सकें।

भा.कृ.अनु.प. खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर बहुविषयी विधियों द्वारा नीतिगत एवं अनुकूली अनुसंधान द्वारा विकसित तकनीकों का देश की अलग–अलग कृषि परिस्थितिक क्षेत्रों में प्रसार कार्य करता है जिससे कृषि से जुड़े अंतिम प्रयोक्ता को इस अनुसंधान का लाभ प्राप्त हो सके। मुझे इस निदेशालय की 34 वीं वार्षिक रिर्पोट (वर्ष 2022) को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। जिसमें संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं गतिविधियों को समाहित किया गया है। वर्ष के दौरान निदेशालय द्वारा संरक्षित कृषि प्रणालियों में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास, फसल–खरपतवार पारस्परिकता एवं शाकनाशी क्रियाशीलता पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव, जलीय खरपतवार 'सॉल्विनिया' का जैविक नियंत्रण, धान, मक्का एवं सोयाबीन में शाकनाशी सहिष्णुता का प्रभाव, शाकनाशी अवशेषों का परीक्षण, निराई के कम खर्चीलें उपकरणों एवं शाकनाशी रसायनों के छिड़काव यंत्रों का विकास, खरपतवारों का उपयोग, प्राकृतिक खेती मे खरपतवार प्रबंधन, किसानों के खेत में प्रदर्शन एवं खरपतवार प्रबंधन प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन आदि पर विशेष बल दिया गया है।

वर्ष 2022 के दौरान निदेशालय को भा.कृ.अनु.परिषद द्वारा दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों **"राजर्षि टंडन राजभाषा पुरस्कार"** एवं **"गणेश शंकर विद्यार्थी हिन्दी पत्रिका पुरस्कार"** से नवाजा गया, तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कुल संस्थानों की

The year 2023 has been declared as the 'International Year of Millets' by the United Nations. India is the global leader in production of millets (Shree Anna) with a share of around 15% of the world total production. A variety of millets are grown in India. But the average productivity of these crops is very low due to heavy infestation of complex weed flora especially during rainy season resulting in yield reduction by 15-83%. The management of grassy weeds in millets is very difficult due to crop mimicry and non-availability of selective herbicides. Efforts are being made by the ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur and its coordinating centres to develop integrated weed management technologies to reduce crop losses due to weeds and increase the productivity and production of millets.

The ICAR-Directorate of Weed Research undertakes strategic and adaptive research on various aspects of weed management in a multi-disciplinary mode, and disseminates the developed technologies in diverse agro-ecological regions of the country benefitting the end users. I am happy to present the 34th Annual Report of the Directorate for the year 2022, highlighting the major research achievements and activities. During the period, major emphasis has been given on development of sustainable weed management technologies in conservation agriculture-based cropping systems, effect of climate change on crop-weed interactions and efficacy of herbicides, biocontrol of *Salvinia* in water bodies, evaluation of herbicide-tolerance in rice, maize and soybean, herbicide residue estimation, design and development of low-cost weeding tools and sprayers, weed utilization, weed management in natural farming, on-farm research and demonstration of improved weed management technologies and their impact assessment.

During the period under report, the Directorate received two prestigious ICAR awards namely *Rajarshi Tandon Rajbhasha Award* and *Ganesh Shankar Vidyarthi Hindi Magzine Award*, and ranked 37th position among all the ICAR

श्रेणी में 37 वां स्थान प्राप्त किया। प्रतिवेदित अवधि में निदेशालय द्वारा 45 शोध पत्र, 10 पुस्तक अध्याय, 03 किताबे, 02 तकनीकी बुलेटिन एवं 35 लोकप्रिय तकनीकी आलेख प्रकाशित किए गए। कृषकों एवं अन्य हितग्राहकों के लाभार्थ कुल 12 प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा 65 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। फार्मर फर्स्ट, बायोटेक किसान हब, मेरा गांव मेरा गौरव एवं अनुसूचित जाति उपयोजना कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 1020 किसानों को लाभान्वित किया गया। एक बहुभाषीय मोबाइल एप **"हर्ब कैल"** का भी विकास किया गया। खरपतवार अनुसंधान के दायरे को और अधिक वितृस्त करने के लिए निदेशालय ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है।

मैं डॉ. त्रिलोचन महापात्र, पूर्व सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भा.कृ.अनु.परिषद एवं डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भा.कृ.अनु.परिषद को इस निदेशालय के अधिदेश को क्रियान्वित करने में उनके द्वारा दिये गये निरंतर मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं। डॉ. एस.के. चौधरी, उपमहानिदेशक, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, डॉ. सूर्यनारायण भास्कर, पूर्व सहायक महानिदेशक (सस्य विज्ञान, कृषि वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन) एवं डॉ. राजबीर सिंह, सहायक महानिदेशक (सस्य विज्ञान, कृषि वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन) द्वारा दिये गये प्रोत्साहन, मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। संस्थान के सभी वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए मैं उनकी सराहना करता हूं। मैं इस प्रकाशन के लिए संपादकीय टीम के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि यह प्रकाशन सभी हितधारकों को खरपतवार प्रबंधन संबंधित अनुसंधान की भावी योजना बनाने में कारगर सिद्ध होगा।

स्थान : जबलपुर
दिनांक : 01 जून, 2023

(जे.एस. मिश्र)
निदेशक

institutes. A total number of 45 research papers, 10 book chapters, 03 books, 02 technical bulletins and 35 popular/technical articles were published during 2022. For the benefit of farmers and other stakeholders, 12 training programmes and 65 Front Line Demonstrations & On-Farm Trials have been conducted. A total of 1020 nos. of farmers were benefitted under different programmes such as Farmers FIRST, Biotech KISAN Hub, *Mera Gaon Mera Gaurav* and SCSP. A Multilanguage mobile app 'HerbCal' was also developed. The Directorate has also signed MoUs with different organizations to widen the scope of weed research.

I profusely thank Dr. Trilochan Mohapatra former Secretary, DARE & Director General, ICAR and Dr Himanshu Pathak, Secretary, DARE and Director General, ICAR for their constant guidance and support in executing the mandate of the Institute. The encouragement, guidance and support provided by Dr. S. K. Chaudhari, DDG (NRM), Dr. S. Bhaskar, former ADG, (A,AF&CC) and Dr Rajbir Singh, ADG (A,AF&CC) are duly acknowledged. All the scientists and officials deserve appreciation for providing their invaluable inputs. I congratulate the entire team for bringing out this publication. I am sure that this report would be useful to the diverse stakeholders for planning future research programmes on weed management in India.

Place : Jabalpur
Date : 01 June, 2023

(J.S. Mishra)
Director

अनुक्रमणिका
Contents

क्र./Sl.	विषय/Particular	पृ.सं./Page no.
	प्राक्कथन Preface	
	विशिष्ट सारांश Executive Summary	i-viii
	प्रस्तावना Introduction	1-6
1.	विविध फसल प्रणालियों में स्थायी खरपतवार प्रबंधन के लिए रणनीतिक अनुसंधान Strategic research for sustainable weed management in diversified cropping systems	7-41
2.	वर्तमान एवं बदलते जलवायु परिदृश्य के तहत खरपतवार जीव विज्ञान और फसल–खरपतवार हस्तक्षेप Weed biology and crop-weed interference under present and changing climate scenario	42-54
3.	खरपतवार जनित खतरों का मूल्यांकन, खरपतवारों का उपयोग एवं आक्रामक विदेशी खरपतवारों का प्रबंधन Weed risk assessment, utilization and management of alien invasive weeds	55-60
4.	शाकनाशियों, जहरीले रसायनों और शमन उपायों का पर्यावरणीय प्रभाव Environmental impact of herbicides, toxic chemicals and mitigation measures	61-73
5.	खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों का प्रसार एवं उनके सामाजिक- आर्थिक प्रभाव का मूल्यांकन Dissemination and socio-economic impact of weed management technologies	74-90
6.	बाह्य वित्तपोषित परियोजनायें Externally Funded Project	91-103
7.	तकनीकी हस्तांतरण Transfer of Technology	104-110
8.	प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण Training and Capacity Building	111-120

क्र./Sl.	विषय/Particular	पृ.सं./Page no.
9.	संधियां और सहभागिता Linkages and Collaboration	121-122
10.	हिन्दी राजभाषा कार्यान्वयन	123-126
11.	विद्यार्थी अनुसंधान कार्यक्रम Students' Research Programme	127-128
12.	पुरस्कार एवं सम्मान Awards and Recognitions	129-131
13.	प्रकाशन Publications	132-139
14.	अनुसंधान कार्यक्रमों की निगरानी और समीक्षा Monitoring and Review of Research Programmes	140-142
15.	कार्यक्रमों का आयोजन Events Organised	143-146
16.	बैठकों, सेमिनारों, वेबिनारों, सम्मेलनों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं में भागीदारी Participation in Meetings, Seminars, Webinars, Conference, Symposium and Workshops	147-161
17.	अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन अनुसंधान परियोजना का सारांश Executive Summary of All India Coordinated Research Project on Weed Management	162-170
18.	विशिष्ट आगंतुक Distinguished Visitors	171
19.	कार्मिक Personnel	172-174
20.	मौसम रिपोर्ट Weather Report	175-176
	परिशिष्ट 1 *Appendix- 1* Acronyms	177-178

विशिष्ट सारांश
Executive Summary

2022 के दौरान निदेशालय की मुख्य उपलब्धियां नीचे संक्षेप में दी गई है:

- अजवाइन में उत्तम खरपतवार नियंत्रण और बीज उपज हेतु पेंडीमिथालिन 675 ग्राम उपरान्त फेनोक्साप्रॉप 100 ग्राम/हे. का प्रयोग अच्छा पाया गया। धान के भूसे की पलवार 6.0 टन/हे. उपरान्त 1 निदाई के 30 दिन बाद, काली पॉलिथीन पलवार, और 2 बार यांत्रिक निदाई के उपचार गैर–रासायनिक तरीकों से खरपतवारों को नियंत्रित करने और उच्च बीज उपज पैदा करने में सर्वोत्तम थे।

- जैविक रागी में खरपतवार के शुष्कभार को कम करने के लिए स्टेलबेड के 20 दिन बाद 1 निदाई, और फसल अवशेष मल्च (6 टन/हे.) के उपरान्त 1 निदाई बुआई के 20 दिन बाद बुआई से 30 दिन पर प्रभावी थे; जबकि दो निदाई (20 और 40 दिन पर), और 1 यांत्रिक निदाई (20 दिन) के बाद 1 हाथ निदाई (40 दिन) 60 दिन पर प्रभावी थे। उच्चतम अनाज उपज 2.15 टन/हेक्टेयर, कम कतार दूरी (20 सेमी) उपरान्त 1 निदाई के तहत प्राप्त की गई।

- कुसुम की फसल में उगने से पूर्व प्रयोग किये जाने वाले शाकनाशी मेट्रिब्यूज़िन 200 ग्रा., एट्राज़ीन 750 ग्रा., पेंडीमिथालिन 675 ग्रा. और ऑक्सीफ्लोरोफेन 150ग्रा./हे. के उपरान्त प्रोपेक्विज़ाफॉप 75 ग्रा./हे. उगने के पश्चात् के प्रयोग से उच्च बीज उपज प्राप्त की गई। अनुपचारित चेक में उपज में कमी 40.5% थी।

- धान का 28 उच्च उपज देने वाली कल्टीवार, 12 प्रजनन लाइनें और 12 संकर किस्मों को खरपतवार प्रतिस्पर्धा लक्षणों के लिए मूल्यांकन किया गया था। 52 जर्मप्लाज्मों में से 11 जर्मप्लाज्मों को आगे के परीक्षण के लिए चुना गया है। खरपतवार नियंत्रण सूचकांक, अनाज उपज, फसल सूचकांक, अवधि, अंकुरण में एक रूपता और प्रकाश संश्लेषण की दर के आधार पर चयन किया गया है।

- मिट्टी की 0 से 9 सेमी गहराई में मौजूद *इकिनोक्लोआ कोलोना* के कुल बीजों का 25 से 32% उद्भव दर्ज किया गया। 20 वें दिन के बाद मिट्टी की अधिक गहराई से 3 से 5% अंकुरण दर्ज किया गया। *इकिनोक्लोआ कोलोना* ने अनुपचारित खण्ड में बुवाई के 50 दिन बाद 6478 बीज/पौधे का उत्पादन करने की क्षमता दिखाई है। हालाँकि, विभिन्न खरपतवार नियंत्रण विधियों के तहत इसकी बीज उत्पादन क्षमता 2443 से 5997 बीज/पौधे थी।

The salient achievements of the Directorate during 2022 are summarized below:

- In ajwain, pendimethalin 675g *fb* fenoxaprop 100 g/ha was good in achieving weed control and seed yield. Among non-chemical methods, application of rice straw mulch @ 6.0 t/ha *fb* 1 Mechanical Weeding (MW) 30 DAS, black polythene mulch and 2 MW were best in controlling weeds and producing higher seed yield.

- In organic finger millet, stale seedbed *fb* 1 HW 20 DAS and crop residue mulch @ 6 t/ha *fb* 1HW 20 DAS were effective in reducing the weed dry weight at 30 DAS while at 60 DAS, two HW (20 & 40 DAS) and mechanical weeding 20 DAS *fb* 1 HW 40 DAS were most effective. The highest grain yield of 2.15 t/ha was obtained under reduced spacing (20 cm) *fb* 1HW 20 DAS.

- In safflower, higher seed yield was obtained from application of pre-emergence herbicides metribuzin 200 g, atrazine 750 g, pendimethalin 675 g and oxyfluorfen 150 g/ha followed by propaquizafop 75 g/ha as post-emergence. Yield reduction in unweeded check was 40.5%.

- 28 high yielding cultivars, 12 breeding lines and 12 hybrid varieties altogether 52 germplasms of rice were evaluated for weed competitiveness traits under two weed management treatments. Out of 52 germplasms, 11 germplasms have been selected for further replicated trial. Selection has been made on the basis of weed control index, grain yield, harvest index, duration, uniformity in germination and rate of photosynthesis.

- Total emergence of 25 to 32% of the total seeds of *Echinochloa colona* placed at 0 to 9 cm soil depth was recorded. 3 to 5% emergence of weed seedlings from greater depths of soil was recorded beyond 20th day. *Echinochloa colona* has shown the potential to produce 6478 seeds/plant at 50 DAS in weedy check plot. However, its seed production capacity varied from 2443 to 5997 seeds/plant depending upon the weed management practices adopted under dry direct-seeded rice.

- *फिजेलिस मिनीमा* के अंकुरों का अधिकतम उद्भव 1 और 2 सेमी मिट्टी की गहराई से दर्ज किया गया था और मिट्टी के पलटने के परिणामस्वरूप 3 सेमी मिट्टी की गहराई से अतिरिक्त अंकुरण हुआ। *फिजेलिस मिनीमा* के फलों का उपयोग करने पर कुल अंकुरों में से 5 से 8.8% दो चरणों में फूल आने की अवस्था तक पहुँच गए, हालाँकि, जब बीजों को फलों से निकाला गया और सतह की मिट्टी पर रखा गया तब कुल अंकुरों में से 45% फूलों की अवस्था तक पहुँच गए। फलों का उपयोग करने पर अंकुरों को कई प्रवाह (3 से 5) में रिकॉर्ड किया गया, जबकि बीजों का उपयोग करने से एक प्रवाह रिकॉर्ड किया गया, हालांकि, मिट्टी को पलटने से एक बार और उद्भव पाया गया।

- Maximum emergence of weed seedlings of *Physalis minima* was recorded from 1 and 2 cm soil depths and turning of soil resulted in additional emergence from 3 cm soil depths. 5 to 8.8% of total weed seedlings reached to flowering stage in two phases when fruits of *Physalis minima* were used, however, 45% of total weed seedlings reached to flowering stage when seeds were extracted from fruits and placed on surface soil. Several flushes of weed seedlings (3 to 5) were recorded when fruits were used, whereas single flush was recorded when seeds were used, however, turning of soil led to another flush of the weed.

- सिंचाई हेतु पानी की कमी वाले स्थानों में रोपित धान में बाल सामान दरार पर तथा धान की सीधी बुआई में 15 किलो पास्कल दबाब, तथा चना, गेहूं, उड़द एवं मुंग में ड्रिप के मध्यम से सिंचाई करने पर 30–40% पानी की बचत तथा अधिकतम उपज प्राप्त हुई।

- In the water scare area adoption of irrigation at hairline cracks in transplanted rice and 15 kPa in dry seeded rice and drip irrigation in chickpea, wheat, blackgram and greengram along with weed management practices provided higher yield with 30-40% saving of irrigation water.

- धान की सुखी बुआई में 40 किलो / हेक्टेयर की बीज दर के साथ प्रेटीलाक्लोर + पाइराज़ोसल्फ्यूरॉन 615 ग्राम /हेक्टेयर (अंकुरण पूर्व) के पश्चात साइहलोफोप + पेनोक्ससुलम 135 ग्राम / हेक्टेयर (बुआई के 20 दिन बाद) को अपनाने से उच्च अनाज उपज और लाभदायक प्राप्त हुई।

- Adopting 40 kg/ha seed rate of rice along with pretilachlor + pyrazosulfuron 615 g/ha followed by cyhalofop + penoxsulam 135 g/ha under DSR provided higher grain yield and net returns.

- उच्च फसल–जल–ऊर्जा उत्पादकता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने के लिए धान–गेहूं/चना–मुंग और मक्का–गेहूं/चना–मुंग फसल प्रणालियों में संरक्षण कृषि प्रणालियों के तहत समेकित खरपतवार प्रबंधन पद्धतियां विकसित की गईं।

- Developed integrated weed management practices for conservation agriculture systems in rice-wheat/chickpea-greengram and maize-wheat/chickpea-greengram cropping systems for obtaining higher crop-water-energy productivity and environmental sustainability.

- हस्तचलित निदाई यंत्रो की तुलना में रोटरी कटर अटैचमेंट वाले ब्रश कटर से खरपतवारों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया गया, कायक्षेत्र की क्षमता में 200–300% की वृद्धि हुई और परिचालन की कठिनता काफी कम हो गई। इसके अलावा, इसमें 83–84% की बहुत अच्छी निराई दक्षता थी और इसमें 984 – 1051 रुपये की परिचालन लागत शामिल थी।

- In brush cutter with rotary cutter attachment, the weeds were effectively controlled through which operational field capacity was increased by 200-300% through which the operational drudgery was reduced drastically over manually operated weeders. Further, it had very good weeding efficiency of 83-84% with the operational costs of Rs. 984 – 1051 /ha.

- डीडब्ल्यूआर द्वारा विकसित शाकनाशी अनुप्रयोग प्रणाली को धान की फसल में प्रदर्शित किया गया। यह मौजूदा छिड़काव तकनीकों के बराबर खरपतवार को नियंत्रित करता है, 4.5 किमी/घंटा की परिचालन गति से लगभग 105.8 लीटर/हेक्टेयर स्प्रे तरल बचाता है। यह 1.4 से 2% की परिचालन लागत भी बचाता है।

- The DWR developed herbicide application system was demonstrated in rice crop. It controlled the weeds *on par* with existing spraying techniques, had been saving around 105.8 liter/ha of spray liquid at operational speed of 4.5 km/h. It was also saving an operational cost of 1.4 to 2%.

- प्रभावी शाकनाशी अनुप्रयोग के लिए डीडब्ल्यूआर ने एक सस्ता स्प्रेयर विकसित किया है। स्प्रेयर की क्षेत्र क्षमता 0.72 से 0.96 हेक्टयर/घंटा थी और इसे संचालित करने के लिए केवल 2 व्यक्ति– घंटा/हेक्टयर की आवश्यकता होती है। इसमें

- The DWR developed cost effective sprayer for effective herbicide application. It can be afforded by all categories of farmers. The sprayer registered field capacity of 0.72 to 0.96 ha/h and it required only 2 man-

कीटनाशकों के छिड़काव के लिए फसल की स्थिति के अनुसार अलग–अलग ऊंचाई से छिड़काव करने की सुविधा का समायोजन भी हैं।

- एक साथ दो अंतर–पंक्तियों में कार्य करने में सक्षम एक बैटरी चालित वीडर का निर्माण किया गया और चने की फसल में परिक्षण किया गया। त्रिकोणीय मेटल ब्लेड की घूर्णन गति बदलने पर बिजली की खपत और ध्वनि स्तर महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित हुए। चने की औसत उपज 2.1 टन /हे पाई गई जो की घूर्णन गति और खरपतवार दबाव के बदलने पर प्रभावित नहीं हुई।

- जंगली धान के प्रतिरोधी और संवेदनशील जैवरूपों की पत्तियों से एएलएस एंजाइम बायोएस्से किया गया। जंगली धान के इमेजेथापायर शाकनाशी–प्रतिरोधी और संवेदनशील जैवरूपों में इमेजेथापायर की विभिन्न मात्रा उपचारित करने से एएलएस एंजाइम गतिविधि प्रभावित नहीं हुई।

- गाजरघास के क्लोरोप्लास्ट जीनोम के अनुक्रम विश्लेषण से पता चला है कि इसमें 151,912 बीपी की एक विशिष्ट चतुर्भुज संरचना है। क्लोरोप्लास्ट जीनोम में 132 जीन को पाएगए, जिसमें 70 प्रोटीन–कोडिंग जीन, 36 टीआरएनए जीन और 04 आरआरएनए जीन शामिल है। फाइलोजेनेटिक परिणामों से पता चला कि गाजरघास और *पी. अर्जेन्टैटम* निकट संबंधित प्रजाति है।

- *इ. कोलोना* की उपस्थिती से धान पत्ती की वायु विनिमय सूचकांकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, विशेष रूप से प्रकाश संश्लेषण की दर खरपतवार मुक्त अवस्था की तुलना में 50–65% तक कम हो गई। *अ. पैरोनिकोइड्स* की तुलना में *इ. कोलोना* का प्रभाव अधिक देखा गया।

- *ए. पैरोनिकोइड्स* और *इ. कोलोना* के खिलाफ शाकनाशी की प्रभावकारिता सूखे के तनाव के तहत देरी हुई। शाकनाशी प्रभावकारिता में इस देरी से धान के वायु विनिमय मापदंडों, सापेक्ष जल सामग्री और झिल्ली स्थिरता सूचकांक आदि पर हानिकारक प्रभाव देखा गया और अंततः उपज में कमी आई।

- *मेडिकागो पॉलिमॉर्फा* की उपस्थिती में आरडब्ल्यूसी, एमएसआई और कुल क्लोरोफिल मात्रा जैसे पादप कार्यिकी मापदंडों को सूखे के तहत कम पाया गया। सूखे की स्थिति वाले वातावरण में *मेडिकागो पॉलिमॉर्फा* एक प्रमुख समस्याग्रस्त खरपतवार बन जाएगा।

- *ट्रायन्थेमा पोर्टुलाकास्ट्रम* की तुलना में *इ. कोलोना* की उपस्थिति में मूंग के वायु विनिमय मापदंड गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। *ट्रायन्थेमा पोर्टुलकास्ट्रम* के विपरीत *इ.*

h/ha to operate. It also had spray application height adjustment system according to crop condition in order to apply different pesticides.

- A two rows inter row battery operated electric weeder was fabricated and tested in the chickpea crop. Electric Power and Sound Pressure Level were changed significantly at different levels of rotational speed of triangular mild steel blades. Average yield of chickpea was obtained 2.1 t/ha and was unaffected by the different levels of blade speed and weed load.

- The ALS enzyme bioassay from the leaves of resistant and susceptible biotypes of jungle rice (*Echinochloa colona*) was carried out. It was observed that the ALS enzyme activity was not affected by applying different doses of imazethapyr in *E. colona*-resistant and susceptible biotypes.

- Sequence analysis of the *Parthenium hysterophorus* chloroplast genome showed that it has a typical quadripartite structure of 151,912 bp. The chloroplast genome harbored 132 unique genes, including 70 protein-coding genes, 36 tRNA genes, and 04 rRNA genes. The phylogenetic results showed that that *P. hysterophorus* is the sister of the closely related species *P. argentatum.*

- *Echinochloa colona* interference had an adverse effect on leaf gaseous exchange indices especially the rate of photosynthesis was significantly reduced by 65.50 % in comparison to weed-free control. The effect of *E. colona* was more compared to *Alternanthera paronychioides.*

- The efficacy of herbicide was delayed under drought stress against *A. paronychioides* and *E. colona*. This delay in herbicide efficacy certainly showed a detrimental effect on crop-weed interaction, rice physiological traits like gaseous exchange parameters, relative water content and membrane stability index *etc.* and ultimately resulted in yield reduction.

- Weed interference altered the physiological parameters like RWC, MSI and total chlorophyll content and was found to be lowered under drought. *Medicago polymorpha* will become a major problematic weed in a water scarcity environment.

- Gaseous exchange parameters in greengram were severely affected in the presence of *E. colona* in comparison to *Trianthema portulacastrum*. The *E. colona* showed a detrimental impact on yield and

कोलोना मूंग की उपज और उपज विशेषताओं पर हानिकारक प्रभाव दिखाया।

- प्रजातीयवितरण मॉडलिंग के लिए पाँच खरपतवार प्रजातियों जैसे *अल्टरनेंथेरा सेसिलिस, फैलेरिस माइनर, फाइजेलिस मिनिमा, लेप्टोक्लोआ चायनेन्सिस* और *मालवा परवीफ्लोरा* को चुना गया।

- *ए. सेसिलिस* और *पी. मिनिमा* के वितरण के संदर्भ में, मौसमी तापमान और सबसे गर्म महीने का अधिकतम तापमान महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने वाले कारक हैं। हालांकि, *पी. माइनर* के मामले में, सबसे ठंडे महीने के न्यूनतम तापमान के साथ मौसमी तापमान महत्वपूर्ण पाया गया।

- भविष्य के जलवायु परिदृश्यों में, भारत में *ए. सेसिलिस* और *पी. माइनर* के उपयुक्त क्षेत्रों के सिकुड़ने का अनुमान है, जबकि *पी. मिनिमा* के क्षेत्र में भविष्य में विस्तार होने की संभावना है।

- चने के दानों और पुआल में, पेंडीमेथालिन के अवशेष क्रमशः <0.01 माइक्रोग्राम/ग्राम, (अधिकतम अवशेष सीमा 0.1 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम) पाए गए। 90 दिनों और कटाई के समय पर, टोप्रामेज़ोन, प्रोपाक्विज़ाफॉप और इमेजेथपायर के अवशेष 0.001 माइक्रोग्राम/ग्राम से नीचे पाए गए।

- मिट्टी और तालाब के पानी के पीएच में परिवर्तन महत्वहीन पाया गया।

- चना के खेत की मिट्टी में पेंडीमिथालिन, इमेजेथापायर, प्रोपाक्विज़ाफॉप और टोप्रामेज़ोन का हाफ लाइफ क्रमशः 15. 40, 9.289, 9.19 और 8.728 दिन पाया गया।

- पर्यावरण के नमूनों (मिट्टी, पानी, पौधे, अनाज, पुआल, मछली, पानी, आदि) में 34 शाकनाशियों के अवशेषों का एक साथ पता लगाने के लिए एक बहु अवशेष एलसी–एमएस/एमएस विधि विकसित की गई, जिसकी शाकनाशी पता लगाने की सीमा <0.01 से 0.001 माइक्रोग्राम/ग्राम पायी गयी है।

- बुवाई के 70 दिन पश्चात् क्लोडिनाफॉप + मेटसल्फ्युरॉन के उपचार ने मुख्यरूप से *एज़ोटोबैक्टर* (गैर–सहजीवी नाइट्रोजन स्थिरीकरण) जीवाणुओं की संख्या को प्रभावित किया, और साथ ही सेल्युलेज प्रकिण्व क्रिया और कार्बनिक–जैवभार (55–61%) में आई कमी से ये भी पता चला की इसका मिट्टी में कार्बन–चक्र पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ा।

- चावल, गेहूं और चने के राइजोस्फीयर में सुक्षम जीवी समुदाय और प्रकिण्व क्रियाओं के विश्लेषण से सूक्ष्मजीवी संरचना में शाकनाशी–प्रेरित बदलाव पाए गए।

yield attributes of greengram in contrast to *T. portulacastrum*.

- Species distribution modelling was done for five weed species viz. *Alternanthera sessilis, Phalaris minor, Physalis minima, Leptochloa chinensis* and *Malva parviflora* under climate change scenarios.

- Temperature seasonality and maximum temperature of the warmest month were found to affect the distribution of *A. sessilis* and *P. minima* significantly. However, in case of *P. minor*, temperature seasonality along with minimum temperature of coldest month found to be significant.

- Under future climatic scenarios, *A. sessilis* and *P. minor* are projected to shrink their suitable areas in India unlike *P. minima*, which is expected to expand its range in future.

- In chickpea grains and straw, pendimethalin residues were found <0.01 µg/g, respectively (MRL 0.1 mg/kg). At 90 days and harvest, topramezone, propaquizafop and imazethapyr residues were found below 0.001 µg/g.

- Change in pH of the soil and pond water was found non-significant.

- Half-life of pendimethalin, imazethapyr, propaquizafop and topramezone in chickpea field soil was found 15.40, 9.289, 9.19 and 8.728 days, respectively.

- A multi residue LC-MS/MS method was developed for simultaneous detection of 34 herbicide residues in environmental samples (soil, water, plants, grain, straw, fishes, water, etc. with the detection limit of below <0.01 to 0.001 µg/g.

- The application of clodinafop + metsulfuron mainly affected the *Azotobacter* population at 70 DAS, and also showed negative effects on the C-cycling in the soil as evidenced by reduced cellulase activity and MBC (55-61%).

- The microbial community and enzyme activities analysis revealed herbicide-induced shifts in microbial composition in rice, wheat and chickpea rhizosphere.

- गेहूं और चना में सुक्ष्म जीवी विविधता, जैसा कि शैनन–वीनर इंडेक्स और कुल पीएलएफए द्वारा मूल्यांकन किया गया, पारंपरिक जुताई की तुलना में शून्य–जुताइ में अधिक पाए गए।

- खरपतवार आधारित फाइटोरेमेडिएशन प्रणाली (*टाइफा लैटिफोलिया – ईकोर्निया क्रैसिप्स – हाइड्रिला वर्टिसिलाटा*) ने कृत्रिम रूप से दूषित पानी (प्रारंभिक सांद्रता, 1000 माइक्रोग्राम/लीटर) से आर्सेनिक की मात्रा को सफलतापूर्वक कम कर दिया (पानी में आर्सेनिक की मात्रा 94% कम हो गई) तथा इसके स्तर को 15 दिनों के भीतर 100 माइक्रोग्राम/लीटर से कम कर दिया जो कि खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा अनुशंसित सीमा के अनुसार सिंचाई के लिए उपयुक्त है।

- संबंधित विभिन्न खरपतवार प्रजातियों में से *टाइफा लैटिफोलिया* में *ईकोर्निया क्रैसिप्स* एवं *हाइड्रिला वर्टिसिलाटा* की तुलना में उच्च उपचारात्मक दक्षता पायी गयी।

- बायो एजेंट *सिर्टोबैगस साल्विनी* कटनी जिले के खिरनिया गांव की नहर, धनबाही गांव और जिला कलेक्ट्रेट से सटे तालाबों में छोड़ने के 13 महीने के भीतर पूरी तरह से *साल्विनिया मोलेस्टा* को नियंत्रित किया।

- *साल्विनिया मोलेस्टा* से प्रभावित छत्तीसगढ़ के दुर्ग झील और दुर्ग जिले के खपरिया गांव के जलनिकायों; महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में हट्टी गांव तालाब और लांजाद तालाब, चंद्रपुर जिले में जूनोनिया झील और गोहोदापेठ तालाब में *सिर्टोबैगस साल्विनी* छोड़ा गया। छोड़ने के 8–9 महीने के भीतर बायोएजेंट की आबादी अच्छी तरह से स्थापित हो गई।

- गेहूं में मेटसल्फ्यूरोन मिथाइल के प्रयोग से मिट्टी में डिहाइड्रोजेनेज, एल्कलाइन फॉस्फेटेज, एसिड फॉस्फेटेज और यूरिएज एंजाइमों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा।

- धान में बिस्पायरीबैक सोडियम के प्रयोग से मृदा में माइक्रोबियल बायोमास कार्बन पर कोई प्रभाव नहीं दिखा, लेकिन एल्कलाइन फॉस्फेटेज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

- संरक्षण कृषि के तहत धान (सीधी बुवाई)–गेहूं–मूंग और धान (सीधी बुवाई)–चना–मूंग फसल प्रणाली के लिए धान में प्रेटीलाक्लोर+पैराज़ोसल्फुरोन 615 ग्राम/हेक्टेयर के बाद बिस्पायरीबैक सोडियम 25 ग्राम/हेक्टेयर और इसके बाद1 हाथ से निदाई, गेह में क्लोडिनाफॉप+मेटसल्फ्यूरॉन 60+4 ग्राम/हेक्टेयर के बाद 1 हाथ से निदाई, चने में पेंडीमिथालिन+ इमैजेथापायर 1.00 किग्रा/हेक्टेयर केबाद 1 हाथ से निदाई, और मूंग में पेंडीमिथालिन 678 ग्राम/हेक्टेयर के बाद 1 हाथ से निदाई का उपचार खरपतवारों के प्रबंधन और अधिक उपज के लिए असरदार थे।

- The microbial diversity as evaluated by Shanon-weiner index and total PLFA were higher in ZT compared to CT in wheat and chickpea.

- Weed based phytoremediation system (*Typha latifolia - Eichhornia crassipes – Hydrilla verticillata*) successfully reduced arsenic (As) content from artificially contaminated water (initial concentration, 1000 µg/L) and reduced its level below 100 µg/L (Arsenic concentration in water reduced by 94%) within 15 days of hydraulic retention period, which is suitable for irrigation as recommended by Food and Agriculture Organization (FAO).

- Among the various weed species concerned *Typha latifolia* showed higher remediation efficiency than *Eichhornia crassipes* and *Hydrilla verticillata*.

- Bioagent *Cyrtobagous salviniae* completely controlled *Salvinia molesta* in the release sites at Katni district, namely, the canal of Khirnia village, the ponds adjacent to collectorate office and Dhanbahi village within 13 months of its release.

- Bioagent *Cyrtobagous salviniae* released in the *Salvinia molesta* infested Durg Lake and other water bodies in Khapria village of Durg district of Chhattisgarh; Hatti village and Lanzad pond in Gadhchiroli district, and Junonia Lake and Gohodapeth pond in Chandrapur district of Maharashtra showed good establishment of the bioagent within 8-9 months.

- Application of metsulfuron methyl to wheat did not show any adverse effect on dehydrogenase, alkaline phosphatase, acid phosphatase and urease activity in soil.

- Application of bispyribac-sodium to DSR showed no effect on soil microbial biomass carbon content, however, significantly affected the alkaline phosphatase activity.

- Treatments of pretilachlor+pyrazosulfuron 615 g/ha PE *fb* bispyribac-sodium 25 g/ha PoE *fb* 1 HW in DSR, clodinafop+metsulfuron 60+4 g/ha PoE *fb* 1 HW in wheat, pendimethalin+ imazethapyr 1.00 kg/ha PE *fb* 1 HW in chickpea, and pendimethalin 678 g/ha PE *fb* 1 HW in greengram were effective for managing weeds and higher yields in DSR-wheat-greengram and DSR-chickpea-greengram cropping systems under CA.

- संरक्षण कृषि के तहत मक्का–गेहूं–मूंग और मक्का–चना–मूंग फसल प्रणाली के लिए मक्का में पेंडीमिथालिन 500 ग्राम/हेक्टेयर + एट्राजीन 500 ग्राम/हेक्टेयर टैंक मिक्स के बाद 1 हाथ से निदाई, गेहूं में क्लोडिनाफॉप+मेटसल्फ्यूरॉन 60+4 ग्राम/हेक्टेयर के बाद 1 हाथ से निदाई, चने में पेंडीमिथालिन+ इमैजेथापायर 1.00 किग्रा/हेक्टेयर के बाद 1 हाथ से निदाई, और मूंग में पेंडीमिथालिन 678 ग्राम/हेक्टेयर के बाद 1 हाथ से निदाई का उपचार खरपतवारों के प्रबंधन और अधिक उपज के लिए असरदार थे।

- एडामा के 2,4–डी सोडियम 80% डब्ल्यूपी का नया सूत्रीकरण का 1 किग्रा/हेक्टेयर खुराक मक्का में खरपतवार नियंत्रण और उच्च उपज के लिए वर्तमान में उपलब्ध 2,4–डी सोडियम 80% डब्ल्यूपी (बाजार मानक) का 1 किग्रा/हेक्टेयर खुराक से बेहतर था।

- परिवेशी सांद्रता की तुलना में वातावरण में उच्च कार्बनडाइऑक्साइड (CO_2) स्तर पर कारफेंट्राज़ोन का क्षरण अपेक्षाकृत कम था।

- गेहूं में विभिन्न खरपतवारों को नियंत्रित करने और उच्च उपज पैदा करने के लिए पाइरोक्सासल्फोन 17.54% w/w + मेट्रिब्यूज़िन 21.05% w/w SC का संयोजन सूत्रीकरण (प्रीमिक्स) बहुत असरदार था।

- पिनोक्साडेन 5.1% ईसी के नए फॉर्मूलेशन (सिंजेन्टा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) गेहूं में *फेलारिस माइनर, एवेना लुडोविसियाना* और *पॉलीपोगन मोनस्पेलेंसिस* पर उत्कृष्ट नियंत्रण प्रदान किया।

- फसलीय खेतों में शाकनाशियों के सही मात्रा में अनुप्रयोग हेतु 'डीडब्ल्यूआर–हर्बकैल' नामक एक उपभोक्ता–अनुकूल बहुभाषी मोबाइल ऐप विकसित किया गया। यह ऐप किसी विशिष्ट क्षेत्र में छिड़काव हेतु शाकनाशी एवं पानी की अपेक्षित मात्रा की स्वतः गणना करता है।

- किसानों एवं अन्य हितधारकों के लिए इस अवधि में कुल 19 प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा 75 अग्र–पंक्ति प्रदर्शनों एवं खेतों पर परीक्षण किए गए। फार्मर फर्स्ट (प्रथम किसान), बायोटेक किसान हब, *मेरा गांव मेरा गौरव* एवं अनुसूचित जाति उप–योजना जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत कुल 850 किसानों ने प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त किया। इसके अलावा, पंजीकृत किसानों को खरपतवार प्रबंधन हेतु समय पर कार्रवाई करने के लिए 15 *किसान मोबाइल संदेशों* के माध्यम से यथा समय (रियल टाइम) कृषि एवं खरपतवार प्रबंधन प्रौद्योगिकियों से संबंधित जानकारी दी गई।

- एक द्वितीयक डेटा–आधारित विश्लेषण से पता चलता है कि कृषि विभाग जबलपुर (म.प्र.) में चावल, गेहूं, मक्का और मूँग की खेती के लिए 50: से अधिक भूमि पर खरपतवारों को

- Treatments of pendimethalin 500g/ha + atrazine 500 g/ha Tank mix PE *fb* 1 HW in maize, clodinafop+metsulfuron 60+4 g/ha PoE *fb* 1 HW in wheat, pendimethalin+ imazethapyr 1.00 kg/ha PE *fb* 1 HW in chickpea, and pendimethalin 678 g/ha PE *fb* 1 HW in greengram were effective for managing weeds and higher yields in maize-wheat-greengram and maize-chickpea-greengram cropping systems under CA.

- The formulation 2,4-D sodium salt 80% WP (ADAMA) 1 kg/ha was superior to 2,4-D sodium salt 80% WP (Market standard) 1 kg/ha in terms of WCI and grain yield in maize.

- The degradation of carfentrazone was relatively lesser at elevated atmospheric CO_2 than under ambient concentration.

- The combination of herbicides pyroxasulfone 17.54% w/w + metribuzin 21.05% w/w SC (pre-mix) was very much effective for controlling diverse weed flora and producing higher yield in wheat.

- The new formulation of pinoxaden 5.1% EC (Syngenta India Pvt ltd) provided excellent control on *Phalaris minor, Avena ludoviciana* and *Polypogon monspeliensis* in wheat.

- A user-friendly multi-language mobile app named 'DWR-Herbcal' was developed for application of the correct amount of herbicide to crop fields. The app automatically calculates the amount of herbicide and quantity of water required in a given area for spray.

- During the year 2022, a total of 19 training programmes and 75 Front Line Demonstrations & On-Farm Trails were conducted for the farmers and other stakeholders. A total number of 850 farmers were directly benefited under different programmes such as Farmers FIRST, Biotech KISAN Hub, *Mera Gaon Mera Gaurav* and Scheduled Caste Sub-Plan. In addition, 15 no. of *Kisan Mobile Sandesh* containing real time agricultural information and customized knowledge on weed management technologies were delivered to the registered farmers for taking timely action to manage weeds.

- A secondary data-based analysis revealed that more than 50% of the cultivated land for rice, wheat, maize, and greengram in the Jabalpur agricultural division used herbicides to control weeds. Moreover, the use of

नियंत्रित करने के लिए शाकनाशियों का उपयोग किया गया था। जिससे, पारंपरिक कृषि प्रथाओं की तुलना में शाकनाशियों के उपयोग से अतिरिक्त लाभ हुआ है।

herbicides resulted in substantial additional profits when compared to traditional farming practices.

- निदेशालय ने कृषक महिलाओं और राज्य के कृषि विभाग के कृषि अधिकारियों सहित 423 किसानों के भ्रमण की सुविधा प्रदान की। भ्रमण के दौरान, किसानों और कृषि अधिकारियों को निदेशालय के खेत में अपनाई गई और प्रदर्शित की जाने वाली तकनीकों के बारे में अवगत कराया गया। उन्हें स्थान–विशेष खरपतवार की समस्याओं पर उपयुक्त अनुशंसाएँ भी प्रदान की गईं।

- Directorate facilitated visits of 423 farmers including farm women and agricultural officers of State Department of Agriculture during the year. During the visit, farmers and agricultural officers were made aware about the technologies adopted and displayed at the farm of the Directorate. They were also provided with the suitable recommendations on location-specific weed problems.

- निदेशालय ने श्री राम कॉलेज, जबलपुर (70 छात्र), गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, जबलपुर (71 छात्र), मेडी कैप्स यूनिवर्सिटी, इंदौर (68 छात्र) और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (76 छात्र) के स्नातक छात्रों के लिए अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम और प्रशिक्षण की सुविधा भी प्रदान की।

- Directorate also facilitated the study tour programme and training of undergraduate students of Sri Ram College, Jabalpur (70 students), Government Science College, Jabalpur (71 students), Medi Caps University, Indore (68 students) and Rani Durgavati Vishwavidyalaya, Jabalpur (76 students).

- निदेशालय ने लोगों को पार्थेनियम के दुष्प्रभावों और प्रबंधन विकल्पों के बारे में जागरूक करने के लिए 16–22 अगस्त 2022 तक देश भर में "पार्थेनियम जागरूकता सप्ताह (PAW)" अभियान का आयोजन 06 स्कूलों और 03 गांवों में किया। इस दौरान जागरूकता रैलियां, पार्थेनियम उखाड़ना, फोटो प्रदर्शनी, कार्यशालाएं, जैविक कीटनाशकों का विमोचन और वितरण का आयोजन किया गया। इस सप्ताह को देश भर में 713 कृषि विज्ञान केंद्रों, एआईसीआरपी–खरपतवार प्रबंधन केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों और राज्य कृषि विश्वविद्यालय के माध्यम से मनाया गया।

- Directorate organized a country-wide "*Parthenium* Awareness Week (PAW)" campaign from 16-22 August 2022 to make people aware of its ill effects and management options. Awareness rallies, *Parthenium* uprooting, photo exhibitions, workshops, and distribution of organic insecticides were organized in 06 schools, and 03 villages. This week was celebrated across the country through 713 Krishi Vigyan Kendras, AICRP-Weed Management centers, ICAR institutes, and State Agricultural Universities.

- निदेशालय ने 16–31 दिसंबर 2022 के दौरान कैंपस में और बाहर 'स्वच्छता पखवाड़ा' के तहत कई गतिविधिया आयोजित की जैसे कि स्वच्छता अभियान, कचरे से उपयोगी सामग्री बनाना, सीवरेज और पानी की लाइनों की सफाई पर अभियान, अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण पर जागरूकता और जल संचयन सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन आदि। निदेशालय में 23 दिसंबर, 2022 को किसान दिवस भी मनाया गया, जहां प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।

- Directorate observed '*Swachhta Pakhwada*' during 16-31 December 2022 by conducting various on and off-campus activities including cleanliness and sanitation drive, waste to wealth campaign, campaign on cleaning sewerage and water lines, awareness on recycling of wastewater, and water harvesting for agriculture/ horticulture purposes etc. *Kisan Diwas* was also observed on December 23, 2022 at the Directorate where progressive farmers were felicitated.

- निदेशालय ने आरवीएसकेवी, ग्वालियर के 03 पीएच.डी छात्र, जेएनकेवीवी, जबलपुर के 4 एम.एससी और 01 पीएच.डी. छात्र और आईजीकेवी, रायपुर के 2 एम.एससी के छात्र की 2022 के दौरान अपने थीसिस कार्य का संचालन करने की सुविधा प्रदान की ।

- Directorate facilitated 03 Ph.D. students of RVSKV, Gwalior; 4 M.Sc. and 01 Ph.D. students of JNKVV, Jabalpur and 2 M.Sc. students from IGKV, Raipur to conduct their thesis work during 2022.

- भाकृअनुप–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर को 16 जुलाई, 2022 को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर, नई दिल्ली में आयोजित भाकृअनुप के 94वें स्थापना दिवस और पुरस्कार समारोह–2022 के अवसर पर वर्ष 2020–21 के लिए प्रतिष्ठित 'राजर्षि टंडन राजभाषा पुरस्कार' तथा वर्ष 2021 के लिए 'गणेश शंकर विद्यार्थी हिंदी पत्रिका पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

- भाकृअनुप–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नारकास) जोन क्रमांक 2, जबलपुर द्वारा 16 दिसंबर, 2022 को राजभाषा में आधिकारिक कार्य तथा इसके प्रचार–प्रसार के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया।

- निदेशालय द्वारा, 47 शोध पत्र, 16 बुक्स / बुक्स चेप्टर, 36 लोकप्रिय लेख, 09 इन्फॉरमेशन / तकनीकी बुलेटिन / ट्रेनिंग मेन्युल आदि का प्रकाशन किया ।

- ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur received prestigious the 'Rajarshi Tandon Rajbhasha Award 2020-21' and 'Ganesh Shanker Vidhyarthi Hindi Magazine Award' for the year 2021 on the occasion of ICAR's 94th Foundation Day and Awards Ceremony-2022 held at National Agricultural Science Centre Complex, New Delhi on 16 July, 2022.

- ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur was awarded the appreciation letter by Nagar Rajbhasha Karyanvayan Samiti (NARAKAS) Zone No. 2, Jabalpur on 16 December, 2022 for official work in Rajbhasha and its canvassing and dissemination.

- Directorate published 47 Research / Review Articles, 16 Book / Book Chapter, 36 Popular Articles, 9 Technical Bulletin/ Information Bulletin / Training Manual / other publications.

प्रस्तावना
Introduction

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद– खरपतवार अनुसंधान निदेशालय (आईसीएआर–डीडब्लूआर) देश के फसली क्षेत्रों के साथ–साथ गैर–फसली क्षेत्रों में भी खरपतवार प्रबंधन पर विशेष रूप से काम करता है। निदेशालय विभिन्न राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में मौजूद अपने 24 अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन अनुसंधान परियोजना केंद्रों (17 नियमित और 7 स्वयंसेवी केंद्रों) के माध्यम से विभिन्न कृषि–पारिस्थितिकी प्रणालियों के लिए खरपतवार प्रबंधन प्रौद्योगिकियां बनाता है। विभिन्न हितधारको और संस्थानों को प्रशिक्षण के अलावा खरपतवार प्रबंधन के लिये सहयोगात्मक कार्यक्रम और *''मेरा गांव मेरा गौरव''* के तहत् पनागर और सिहोरा क्षेत्रों में किसानों के खेतों में भागीदारी अनुसंधान भी किया जा रहा है। गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) को लागू करने के कारण निदेशालय को **'आईएसओ 9001: 2015'** प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद– खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर, मध्य प्रदेश में स्थित है। जबलपुर मध्यप्रदेश का सबसे महत्वपूर्ण पर्यटक और सांस्कृतिक आकर्षण है और इसे राज्य की सांस्कृतिक राजधानी (संस्कारधानी) के रूप में भी जाना जाता है। यह शहर अपने प्रमुख पर्यटक आकर्षणों जैसे मदन महल, धुआंधार नामक जल प्रपात, भेड़ाघाट में संगमरमर की चट्टानों, पवित्र नदी नर्मदा और कचनार सिटी में 76 फीट शिव प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है। यह कामोर पठार और सतपुड़ा पहाड़ियों के कृषि क्षेत्र के अंतर्गत आता है। निदेशालय राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 44) पर 23°13'59.52'' अक्षांश, 79°58'02.88'' देशांतर में समुद्री सतह से 412 मी. ऊंचाई पर स्थित है और जबलपुर रेलवे स्टेशन से 11 किमी दूर एवं डुमना हवाई अड्डे से 28 किमी दूर है। इस क्षेत्र की जलवायु उष्णकटिबंधीय है तथा औसत वर्षा ~1400 मिमी. है। मध्य प्रदेश के मृदावर्गीकरण के अनुसार, जबलपुर गहरी मध्यम काली मिट्टी (वर्टिसोल) के अंतर्गत आता है। यहां *खरीफ* में धान, सोयाबीन, गन्ना, अरहर एवं उड़द और रबी में गेहूं, चना, मटर, मसूर और सरसों, तथा गर्मियों में मूंग और उड़द उगाये जाते हैं।

The Indian Council of Agricultural Research-Directorate of Weed Research (ICAR-DWR) works exclusively on weed management in both cropped as well as non-cropped areas of the country. The Directorate generates weed management technologies for different agro-ecosystems through its 24 All India Coordinated Research Project on Weed Management centres (17 regular and 7 volunteer centres) present in different State Agricultural Universities. The Directorate is also playing important role in providing trainings to different stakeholders, giving consultancy services, performing collaborative programmes on weed management and conducting participatory research at farmers' fields under '*Mera Gaon Mera Gaurav*' in two localities, *viz*. Panagar and Sihora. Directorate has earned the **'ISO 9001: 2015'** certificate by implementing the Quality Management System (QMS).

The ICAR-Directorate of Weed Research is located at Jabalpur, Madhya Pradesh. Jabalpur is one of the most important tourist and cultural attraction of Madhya Pradesh and also known as the cultural capital (*Sanskardhani*) of state. The city is famous for its major tourist attractions such as Madan Mahal, Dhuandhar Falls, Marble rocks in Bhedaghat, Holy River Narmada and 76 feet Shiv Statue at Kachnar City. It falls under the agroclimatic region of the Kymore plateau and Satpura hills zone. Directorate is located on the national highway (NH-44) at 23°13'59.52''N latitude, 79°58'02.88''E longitude and altitude of 412 m above mean sea level and is 11 km away from Jabalpur railway station and 28 km away from Dumna airport. The climate of the region is sub-tropical, with average rainfall of ~1400 mm. Soils are mostly black (Vertisols) and crops grown are rice, soybean, sugarcane, pigeonpea and blackgram during *Kharif* season, and wheat, chickpea, lentil, pea and mustard in *Rabi* season.

पिछले तैतीस वर्षों से इस संस्थान ने खरपतवार प्रबंधन पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे कि विविध फसल प्रणालियों में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास; जलवायु परिवर्तन के दौर में खरपतवारों में परिवर्तन, प्रबंधन एवं खरपतवारनाशी प्रतिरोधक क्षमता; फसलीय और गैर–फसलीय क्षेत्रों में समस्यात्मक खरपतवारों का जैवविज्ञान एवं प्रबंधन; पर्यावरण में खरपतवारनाशी अवशेषों और अन्य प्रदूषकों की निगरानी, क्षरण और शमन एवं खरपतवार प्रबंधन तकनीक का कृषक प्रक्षेत्र पर शोध परीक्षण एवं प्रदर्शन तथा उनके प्रभावों का मूल्यांकन के माध्यम से अग्रणी भूमिका निभाई है। खरपतवार प्रबंधन की तकनीकों को खेत पर अनुसंधान एवं प्रदर्शनों के माध्यम से बड़े क्षेत्रों तक पहुंचाया गया जिससे इन्हें अपनाया जा सके तथा इन तकनीकों में किसानों की कृषि उत्पादकता एवं आजीविका को उन्नत बनाने में मदद की है। विविध फसल प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन, हानिकारक, आक्रामक खरपतवार से उत्पन्न खतरों, परजीवी खरपतवार, जलीय खरपतवार, मौसम परिवर्तन के कारण खरपतवार गतिशीलता, शाकनाशी प्रतिरोधकता और शाकनाशियों का पर्यावरण पर प्रभाव तथा निगरानी आदि विषयों पर संस्थान लगातार कार्यरत है। निदेशालय ने अपने खेत पर संरक्षण कृषि के सभी सिद्वांतो को अपनाया है और वैश्विक स्तर की खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओ में अग्रिम शोध करने के लिए अपने प्रक्षेत्र को 'आदर्श प्रक्षेत्र' के रुप में विकसित किया है।

विजन (दूरदर्शिता)

नयी कम लागत वाली और पर्यावरण मित्र खरपतवार प्रबंधन तकनीकों के विकास द्वारा भविष्य की चुनौतियों को देखते हुये टिकाऊ कृषि और अन्य सामाजिक लाभों को बनाये रखना।

मिशन (उद्देश्य)

भारत के नागरिकों को उनके आर्थिक, पर्यावरणीय एवं सामाजिक लाभ को अधिकाधिक करने के लिए खरपतवार प्रबंधन में वैज्ञानिक शोध एवं तकनिकी प्रदान करना।

अधिदेश (मेन्डेट)

- विभिन्न कृषि पारिस्थितिकी क्षेत्रों के लिये टिकाऊ प्रौद्योगिकीयां विकसित करने हेतु खरपतवार प्रबंधन संबंधित अनुसंधान करना।
- कृषि प्रणालियों में खरपतवार प्रबंधन के लिए नेटवर्क अनुसंधान में समन्वयन करना तथा प्रशिक्षण प्रदान करना।
- खरपतवार प्रबंधन में सूचना की रिपोजिटरी अनुरक्षित करना तथा एक प्रशिक्षण केन्द्र के रुप में कार्य करना।

संगठन एवं प्रबंधन

निदेशालय का प्रशासनिक नियंत्रण निदेशक के पास होता है। वह पंचवार्षिक समीक्षा दल (क्यू.आर.टी.), शोध परामर्श समिति (आर.ए.सी.), संस्थान प्रबंधन समिति (आई.एम.सी.), और संस्थान शोध परिषद (आई.आर.सी.) से शोध प्रशिक्षण/शिक्षण और प्रसार कार्यों के लिये परामर्श लेता है। संस्थान में 5 शोध अनुभाग, 4 प्रशासनिक अनुभाग और लगभग एक दर्जन अन्य इकाईयां व कक्ष हैं जो सुचारू कामकाज और प्रभावी समन्वय प्रदान करते हैं।

For the past thirty three years, this Directorate has played a pioneering role in weed management at national level through its focused research programmes *i.e.* development of sustainable weed management practices in diversified cropping systems; weed dynamics and management under the regime of climate change and herbicide resistance; biology and management of problematic weeds in cropped and non-cropped lands; monitoring, degradation and mitigation of herbicide residues and other pollutants in the environment; and On-farm research and demonstration of weed management technologies and impact assessment. Adoption of weed management technologies has been promoted on large areas through on-farm research and demonstrations, which has resulted a sizable boost in agricultural productivity and livelihood security of the farmers. Efforts are being made to address emerging issues related to management of weeds in different ecosystems, threats posed by noxious invasive weeds, parasitic weeds, aquatic weeds, changes in weed dynamics in climate change scenario, herbicide resistance, monitoring of impact of herbicides on the environment. The Directorate has adopted all the principles of conservation agriculture in its farm and a "Modern Farm" has been developed to undertake advance research in different aspects of weed management to meet the international standards.

Vision

Developing innovative, economic and eco-friendly weed management technologies to contain challenges ahead for sustainable agriculture and other societal benefits.

Mission

To provide scientific research and technology in weed management for maximizing the economic, environmental and societal benefits for the people of India.

Mandates

- Conducts weed management research for developing viable technologies for different agro-ecological regions.
- Coordinate the network research and to provide training in weed management in agricultural systems.
- Repository of information in weed science and act as a centre for training in weed management.

Organization and management

